## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री के निर्देश : टाटा संयंत्र के लिए अधिग्रहित भूमि किसानों को वापस होगी

**रायपुर,(आरएनएस)।** टाटा इस्पात संयंत्र के लिए आदिवासी बहुल बस्तर जिले के लोहांडीगुड़ा क्षेत्र में जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई थी, उन्हें उनकी जमीन जल्द वापस की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने किसानों से किए गए अपने वादे का उल्लेख करते हुए अधिकारियों को इसके लिए जरूरी प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने और मंत्री परिषद की आगामी बैठक में प्रस्ताव लाने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि श्री बघेल के साथ ही सांसद श्री राहुल गांधी ने भी बस्तर प्रवास के दौरान लोहांडीगुड़ा क्षेत्र के किसानो को विश्वास दिलाया था कि उनकी अधिग्रहित भूमि उन्हें वापस दिलायी जाएगी।

### वीएलसीसी ने बिहार में अपने उपस्थिति के विस्तार को तेज किया

**रायपुर,(आरएनएस)।** वीएलसीसी, अग्रणी ब्यूटी एवं वेलनेस चेन, ने आज बक्सर, बिहार में अपने पहले सैलून को खोलने की घोषणा की। नया सैलून तड़का नाला, मेन रोड, बक्सर में स्थित है। सैलून का उदघाटन श्री सुशांत मुखर्जी, वाइस प्रेसिडेंट, फ्रैंचाइज बिजनेस, वीएलसीसी हेल्थकेयर लिमिटेड ने किया। आधुनिक अंदाज में तैयार किए गए नया वीएलसीसी सेंटर करीब 1400 वर्ग फीट में फैला है और ये सेंटर खूबसूरती से डिजाइन किया गया है जो कि बक्सर बक्सर के निवासियों की सौंदर्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने का वन स्टॉप डेस्टीनेशन है। सैलून में स्थानीय निवासियों को मैकअप, ब्यूटी और बालो की देखभाल संबंधित विभिन्न सेवाओं को प्रदान किया जाएगा। इस फ्रैंचाइज को बक्सर स्थित उद्यमी श्री संजय मिश्रा के साथ सहभागिता में प्रस्तुत किया गया है।

### एसआईटी गठन से परिवार को अब न्याय मिलने की उम्मीद : नीला पटेल

**रायपुर, (आरएनएस)।** झीरम घाटी हमले में शहीद छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृह मंत्री नंदकुमार पटेल और उनके बेटे स्वर्गीय दिनेश पटेल के परिजनों ने इस हमले की उच्च स्तरीय जांच के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठन फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार प्रकट किया है। स्वर्गीय नंदकुमार पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती नीला पटेल ने आज अपने गृह ग्राम नंदेली में चर्चा के दौरान कहा कि लगभग साढ़े पांच साल पहले की उस नक्सल वारदात में मैंने अपने पति और बेटे को खोया। इससे हमारे जीवन में अंधेरा छा गया था और हम अंदर से बिखर गए थे।

### मंत्री बनने के बाद बोले लखमा-बस्तर मेरी प्राथमिकता में

**रायपुर,(आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंत्रिमंडल में शामिल हुए बस्तर से एक मात्र विधायक कवासी लखमा ने मंत्री पद की शपथ लेने के बाद मीडिया को दिए बयान में कहा कि बस्तर उनकी प्राथमिकता में होगा। बस्तर में शांति बनाये रखना, बेरोजगारों को रोजगार व चिकित्सा सुविधा उनकी प्राथमिकता में शामिल है। बस्तर संभाग के कोंटा से विधायक बने कवासी लखमा ने आज पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।.

### नए कलेक्टर संजय अलंग ने संभाला पदभार

**बिलासपुर (आरएनएस)।** राज्य सरकार ने डॉ. संजय अलंग को बिलासपुर का नया कलेक्टर बनाया है। बिलासपुर के पूर्व कलेक्टर पी दयानंद का विगत दिन विदाई समारोह आयोजित किया वहीं नवागत कलेक्टर डॉ. संजय अलंग ने पदभार ग्रहण किया। इससे वे पहले 2014 से 16 तक मुंगेली में कलेक्टर रहे, इसके बाद मंत्रालय में थे। वहीं कलेक्टर पी दयानंद का तबादला हो गया है, उनको रायपुर में प्रबंधक संचालक समग्र शिक्षा बनाया गया है।

### कलेक्टर पी दयानंद ने बिना किसी दबाव के काम करने दिया अवसर

**बिलासपुर,(आरएनएस)।** सोमवार को जिला कलेक्टर कार्यालय के मंथन सभागार में कलेक्टर पी.दयानंद को अधिकारियों और कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने कलेक्टर को पुष्प गुच्छ, बुकेंऔर माला पहना कर स्वागत किया। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने कलेक्टर के कार्यकाल को याद किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में बताया कि पी.दयानन्द के कार्यकाल में बिना तनाव और दबाब में काम करने का अवसर मिला। इस दौरान कलेक्टर ने अभिभावकों की तरह कर्मचारी हित और संवर्धन के लिए काम किया। ना किसी पर दबाव बनाया और न ही अनावश्यक दबाब कर्मचारियों को महसूस करने दिया।

### फर्राटे भरते बाइकर्स ले रहे जान, शहर की पुलिस बेबस

**बिलासपुर,(आरएनएस)।** शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार बाइकर्स का खौफहै। वे व्यस्त मार्ग पर भी फर्राटे भरने से बाज नहीं आते हैं। इसकी वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। वहीं अब लोगों की जान जाने लगी है। दूसरी ओर शहर की पुलिस इन पर नियंत्रण करने में पूरी तरह नाकाम हो गई है। युवाओं में इन दिनों तेज रफ्तार बाइक का क्रेज है। वे अपने शौक के लिए बाइक को अधिक से अधिक गति पर चलाकर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। रात होते ही इनके लिए शहर की सड़कें खुले मैदान में बदल जाती है। दूसरी ओर हर चौक चौराहे पर आम लोगों को रोकने वाली पुलिस इन बाइकर्स के मामले में बेबस हो गई है। वे तेज रफ्तार से निकल जाते हैं और पुलिस देखती रही है।

# बघेल मंत्रिमंडल के 9 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

**▶ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दिलायी पद एवं गोपनीयता की शपथ**




**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के मंत्रिमंडल में शामिल होते हुए 9 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बारी-बारी से सभी को मंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। मंत्री पद की शपथ लेने वालों में रविन्द्र चौबे, मो. अकबर, कवासी लखमा, डा. शिव डहरिया, जयसिंह अग्रवाल, श्रीमती अनिला भेड़िया, रूद्रकुमार गुरू एवं उमेश पटेल शामिल है। टीएस सिंहदेव एवं ताम्रध्वजू साहू पूर्व में ही मंत्रिमंडल में शामिल हो चुके है। इस तरह भूपेश बघेल के मंत्रिमंडल में अब तक 11 मंत्री शामिल हो गए है, वहीं एक पद अभी भी खाली रखा गया है।

राजधानी रायपुर स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आज शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

जिसमें भूपेश बघेल के मंत्रिमंडल में शामिल हुए 9 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें रविन्द्र चौबे, मो. अकबर, कवासी लखमा, डा. शिव डहरिया, जयसिंह अग्रवाल, श्रीमती अनिला भेड़िया, रूद्रकुमार गुरू एवं उमेश पटेल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी को बारी-बारी से शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मंत्री टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू, प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया सहित कांग्रेस के समस्त विधायकों के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

शपथ ग्रहण की शुरूआत में प्रदेश के मुख्य सचिव अजय सिंह ने राज्यपाल से कार्यक्रम शुरू करने की अनुमति मांगी। राज्यपाल की अनुमति मिलने के बाद शपथ ग्रहण समारोह शुरू हुआ। इसके बाद राज्यपाल ने बारी-बारी से सभी विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलायी।

**शपथ लेने वाले मंत्रीः**

रविन्द्र चौबे, मो. अकबर, कवासी लखमा, डा. शिव डहरिया, जयसिंह अग्रवाल, श्रीमती अनिला भेड़िया, रूद्रकुमार गुरू उमेश पटेल । टीएस सिंहदेव एवं ताम्रध्वज साहू पहले ही मंत्री पद की शपथ ले चुके है। इस तरह भूपेश बघेल के मंत्रिमंडल में अब तक 11 मंत्री शामिल हो चुके है। वहीं शेष एक पद अभी भी खाली रखा गया है।

## ठंड का कहर, एक महीने में तीन की मौत

**बिलासपुर,(आरएनएस)।** पिछले कुछ दिनों से अंचल में पड़ रही कड़ाके की ठंड ने तीन बेसहारा लोगों की जान ले ली है। इसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ठंड की वजह से कार्डियक अरेस्ट पड़ने को मौत की वजह बताई गई है। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि अब तक ठंड की वजह से जिले में कोई भी मौत नहीं हुई है। सरकारी अस्पतालों की रिपोर्ट ही इन दावों की पोल खोल रही है। एक महीने के भीतर जिला अस्पताल में अज्ञात मौत के छह मामले पहुंचे हैं। इनमें से लगभग 30 वर्षीय युवक के शव का पीएम 20 दिसंबर को किया गया। इसमें जानकारी लगी कि इसकी मौत कार्डियक अरेस्ट से हुई है। मृतक के शरीर में गर्म कपड़े नहीं थे और देर रात उसकी मौत हो गई। इसी तरह दूसरा शव सात दिसंबर को जिला अस्पताल में पहुंचा। 61 साल के बुजुर्ग की मौत भी ठंड के कारण कार्डियक अरेस्ट आने को बताया गया है। तीसरा मामला सिम्स का है। यहां 72 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव ग्राम घुटकू के एक खेत से लगाया गया था। इसके पीएम रिपोर्ट में भी कार्डियक अरेस्ट को मौत का कारण बताया गया। फोरेंसिक एक्सपर्ट ने साफ किया है कि इन तीनों मामलों में मौत ठंड की वजह से हुई है। वर्तमान में पारा 10 से 15 के बीच में चल रहा है। साथ ही ठंडी हवा परेशानी बढ़ा दी है। ऐसे में ठंड का ज्यादा शिकार बच्चे व बुजुर्ग हो रहे हैं।

### मंत्रालय में आज शाम 5 बजे हो सकती है मंत्रिमंडल की बैठक

**रायपुर,(आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की आज शाम मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ अहम बैठक हो सकती है। कैबिनेट की इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होने और निर्णय लिए जाने की सूचना है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंत्रिमंडल के गठन के साथ ही अब राजकीय कामकाज में तेजी आएगी। इसके पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने मंत्रिमंडल के साथ आज शाम 5 बजे एक आवश्यक बैठक कर सकते हैं। सूत्रों की माने तो कैबिनेट के नए सदस्यों के साथ होने वाली इस बैठक में कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होनी है।

## बघेल सरकार की बड़ी प्रशासनिक सर्जरी



**रायपुर,(आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में 15 साल बाद कांग्रेस की सरकार बनने के बाद से प्रशासनिक विभागों में फेरबदल का सिलसिला शुरू हुआ चुका है। इसी कड़ी में बीती आधी रात को सरकार ने बड़ी प्रशासनिक सर्जरी करते हुए 43 से अधिक अफसरों के प्रभार में फेरबदल करने का आदेश जारी किया है।

जारी आदेशानुसार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गृह, ऊर्जा और पंचायत विभागों के सचिव बदले है। इनमें एसीएस और आयुक्त कृषि सुनील कुजूर को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ वाणिज्य-उद्योग विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है। कमलप्रीत सिंह को इससे मुक्त किया गया है। एसीएस वन सीके खेतान को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ अपर मुख्य सचिव योजना ,आर्थिक, सांख्यिकी और 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन तथा विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। एसीएस पंचायत ग्रामीण विकास और आयुक्त विकास आरपी मंडल को उनके वर्तमान कर्तव्यो के साथ अपर मुख्य सचिव गृह, जेल, परिवहन तथा परिवहन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। एसीएस अमिताभ जैन को उनके अपर मुख्य सचिव गृह, जेल, परिवहन तथा परिवहन आयुक्त के प्रभार से मुक्त किया है। वे केवल वित्त विभाग के प्रभार पर रहेंगे। रेणु पिल्ले को प्रमुख सचिव कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा, रोजगार विभाग के पद पर पदस्थ करते हुए महानिदेशक छग प्रशासन अकादमी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वहीं सुश्री अलरमेलमंगई डी. को विशेष सचिव स्वतंत्र प्रभार, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार के पदों से मुक्त किया गया है।

## सर्दियों में पहनें केप साड़ी,ठंड से बचें, ट्रेंडी दिखें



सर्दी के मौसम में अगर किसी शादी में जाना हो तो सबसे ज्यादा चिंता इसी बात की रहती है कि शिमरी साड़ी पहनकर स्टाइलिश और ट्रेंडी भी दिखना है और ठंड से भी बचना है। तो अब आपके पास है बेहतरीन ऑप्शन- केप साड़ी. दरअसल, प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस के फिल्म स्टार्स के लिए मुंबई में दिए गए वेडिंग रिसेप्शन के दौरान पहुंची बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कटरीना कैफ की साड़ी ने हमारा ध्यान आकर्षित किया। कटरीना की न्यूड बेज कलर की इस जॉर्जट साड़ी को डिजाइन किया था मशहूर फैशन डिजाइनर जोड़ी अबू जानी-संदीप खोसला ने।

इस जॉर्जट सोना साड़ी को कटरीना ने मैचिंग एम्बेलिश्ड ब्लाउज और ऑर्गेन्जा बटरफ्लाई केप के साथ टीमअप कर पहना था। इस केप की खास बात यह थी कि इसमें गोल्ड और सिल्वर सेक्विन्स की हैंड एम्ब्रॉयडरी की हुई थी। 3 लेयर वाली खूबसूरत ईयररिंग और खुले बाल के साथ कटरीना का ओवरऑल लुक बेहद खूबसूरत लग रहा था।

हालांकि कटरीना से पहले बॉलिवुड की फैशनिस्ता के नाम से मशहूर सोनम कपूर भी केप साड़ी पहन चुकी है। अपनी फिल्म संजू के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सोनम नजर आईं थीं गौरव गुप्ता द्वारा डिजाइन की गई पर्पल ऐंड मॉव कलर की इस प्लेन साड़ी में। लेकिन इस सिंपल साड़ी की खासियत थी उसका यह मैचिंग कलर का केप। इस केप को सामने की तरफ गर्दन के पास फूल जैसे डिजाइन से बंद किया हुआ था। इसमें कोई शक नहीं कि यह प्लीटेड केप सोनम के लुक को कई गुना बेहतर बना रहा था।

### संतुलित मंत्रिमंडल-सिंहदेव

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंत्रिमंडल में अन्य 9 मंत्रियों के शपथ लेने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए कैबिनेट मंत्री टीएस सिंहदेव ने मंत्रिमंडल को संतुलित बताया। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल में अनुभव, महिला, युवा एवं सामाजिक वर्ग का संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है। श्री सिंहदेव ने कहा कि 67 विधायकों में मंत्रिमंडल के लिए 12 मंत्रियों का चयन करना चुनौती से कम नहीं था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंत्रिमंडल में हर वर्ग को लाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल में अनुभव, महिला, युवा एवं सामाजिक वर्ग का संतुलन बनाने का पूरा प्रयास किया गया। श्री सिंहदेव ने कहा कि मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले चेहरों में 5 पूर्व मंत्री रह चुके है।

## घर में बढ रही है परेशानी तो इन बातों पर गौर कीजिए



### बैड लक को गुड लक बनाइए

घर का मुख्य द्वार वह स्थान है, जहां से न केवल घर में बल्कि घर में रहनेवाले लोगों के जीवन में भी खुशियां प्रवेश करती हैं। इन खुशियों में हमेशा बढ़ोतरी हो और परिवार सदैव तरक्की करे, इसके लिए जरूर है कि घर का मुख्य द्वार सही दिशा में बना हो। आइए जानते हैं वास्तुशास्त्री कुलदीप सलूजा की पुस्तक संपूर्ण सायंटिफिक वास्तु के अनुसार घर का मुख्य द्वार कहां होना चाहिए और कहां नहींज


### यह कहलाता है मुख्य द्वार

अगर आपका घर अपार्टमेंट में है तो आपके भवन और चारदीवारी का मुख्य द्वार प्लाट के ईशान कोण यानी पूर्व और उत्तर दिशा के कोने में पूर्व दिशा या उत्तर दिशा में हो सकता है। अगर आपका घर प्लॉट के बीच में है और चारो तरफ बाउंड्री है, तब बाउंड्री का गेट आपके लिए मुख्य द्वार का कार्य करेगा। क्योंकि इस प्लॉट के स्वामी आप हैं। अपार्टमेंट्स में स्थिति थोड़ी अलग होती है।

### अग्नेय कोण में है घर का मुख्य द्वार तब


अगर आपके घर का मुख्य द्वार अग्नेय यानी पूर्व और दक्षिण दिशा के कोने में है तो यह कभी भी पूर्व की तरफ नहीं होना चाहिए। अर्थात अग्नेय कोण में पूर्ण दिशा में घर का मुख्य द्वार न रखें।

## वास्तविक जीवन में भी अपने किरदार जैसा हूं : अहवान



काल भैरव रहस्य 2 में अक्षय की भूमिका निभा रहे अहवान कुमार ने बताया कि वह अपने किरदार की तरह वास्तविक जीवन में भी सकारात्मक, सरल और आज्ञाकारी हैं। अहवान ने कहा, अपने किरदार की तरह असली जिंदगी में भी मुझे हमेशा सकारात्मक रहना पसंद करता हूं। मैं एक साधारण और आज्ञाकारी व्यक्ति हूं। मैं अपने जीवन के हर क्षण का आनंद लेता हूं। उन्होंने कहा, मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि सकारात्मक लोग व्यापक दृष्टिकोण बनाए रखने में सक्षम होते हैं और बड़े परिप्रेक्ष्य में देख पाते हैं जो उन्हें समस्याओं का समाधान निकालने में मदद करता है जबकि नकारात्मक लोग एक संक्षिप्त परिप्रेक्ष्य बनाए रखते हैं और समस्याओं पर ही ध्यान केंद्रित किए रहते हैं। इससे पहले वह गीत हुई सबसे पराई, सपने सुहाने लडकपन के और बहनें जैसे धारावाहिकों में नजर आ चुके हैं।

## पालतू जानवरों के साथ समय बिताना बहुत पसंदः नौशीन



टेलीविजन धारावाहिक 'कुसुम' की चर्चित अभिनेत्री नौशीन सरदार अली का कहना है कि उन्हें पालतू जानवरों का साथ बहुत मजेदार लगता है, क्योंकि इससे सामाजिकता का मौका मिलता है।

उन्होंने कहा, ''मुझे अपने पालतू जानवरों के साथ समय बिताना बहुत पसंद है। कुछ ही समय में बिल्लियां मेरी पसंदीदा पालतू जानवर बन गईं। मुझे लगता है कि जानवरों में सामाजिक बाधाओं को पार करने की अदम्य क्षमता होती है। किसी ऐसे व्यक्ति से बातचीत करना बहुत आसान है, जिसके पास प्यारा जानवर है।''

## टाइगर की बागी 3 2020 में होगी रिलीज



ऐक्टर टाइगर श्रॉफ और साजिद नाडियाडवाला की बागी सीरीज की नई इंस्टॉलमेंट एक बार फिर लौटने को तैयार है। बागी 3 अब 6 मार्च 2020 को रिलीज होगी। फिल्म के मेकर्स ने इस साल मार्च में रिलीज हुई बागी 2 के वक्त ही तीसरी सीरीज की घोषणा कर दी थी। हालांकि, ऑफिशल अनाउंसमेंट अब एक पोस्टर के साथ किया गया है जिसमें टाइगर ऐक्शन के लिए तैयार दिख रहे हैं। उन्होंने दो पोस्टर्स को अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर किया है। इस पर लोगों ने अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दी हैं।

बता दें, बागी में टाइगर के ऑपोजिट श्रद्धा कपूर तो बागी 2 में दिशा पाटनी नजर आई थीं। अब ऐसी चर्चा है कि बागी 3 में सारा अली खान को कास्ट किया जा सकता है। सारा को साजिद नाडियाडवाला की तरफ से फिल्म के लिए अप्रोच किया गया है।

चूंकि बागी और बागी 2 बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी, इसी को देखते हुए मेकर्स अब इंडस्ट्री की मौजूदा सेंसेशन सारा को अगली इंस्टॉलमेंट के लिए कास्ट करना चाह रहे हैं। हालांकि, सारा की तरफ से हामी भरना बाकी है कि वह इस प्रॉजेक्ट का हिस्सा बनेंगी या नहीं।